an>

Title: Need to facilitate reprinting of Dr. B.R. Ambedkar's literature.

श्री मल्लिकार्जुन खड़गे (गुलबर्गा) ः बाबासाहब डॉ भीमराव अंबेडकर जी के 125 वें जन्म दिवस के अवसर पर भारत सरकार ने डॉ अंबेडकर के साहित्यों को पुनः प्रकाशित करने की घोषणा की थी लेकिन जुलाई, 2014 से महाराष्ट्र सरकार द्वारा एन.ओ.सी. न मिलने की वजह से भारत सरकार अभी तक इस विषय में अपेक्षित कदम उठाने की दिशा में आगे नहीं बढ़ पाई है। अंबेडकर फांउडेशन जो भारत सरकार की ओर से साहित्य भंडार को प्रिंट करती है, उसके हिसाब से बहुत ज्यादा मांग होने के बाद भी एक भी प्रति उपलब्ध नहीं है। इन साहित्यों की अहमियत का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि 2013-14 में ही 20,000 खंड बिक गए थे।

मैं सरकार से ये अनुरोध करता हूं कि इस कार्य को उच्च प्राथमिकता पर आपसी विचार-विमर्श कर पूरी करें और जल्दी से जल्दी इसका समाधान निकले।